C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 227 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 09 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## निकाय चुनावों में शिक्षा की बाध्यता की तैयारी, दो संतान की शर्त नहीं

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का संकेत, नियमों में बदलाव पर सरकार की मंशा स्पष्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ पाली।**



राजस्थान में नगर निकाय और पंचायतीराज चुनावों को लेकर बड़ा संकेत सामने आया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि सरकार की मंशा है कि स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव में उम्मीदवारों के लिए शैक्षणिक योग्यता को अनिवार्य किया जाए, हालांकि दो से अधिक संतान की बाध्यता लागू नहीं होगी।

रविवार को पाली स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में राठौड़ ने यह बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शिक्षा संबंधी प्रावधानों पर विचार किया जा रहा है, ताकि स्थानीय निकायों में बेहतर और सक्षम प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।


दरअसल, इससे पहले विधानसभा में कांग्रेस विधायक पूसाराम गोदारा द्वारा यह सवाल उठाया गया था कि क्या सरकार नगर निकाय चुनावों में उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता और संतान संबंधी नियमों में संशोधन करने जा रही है। इसके जवाब में सरकार ने 4 फरवरी को सदन में बताया था कि वर्तमान में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 21 में शैक्षणिक योग्यता को लेकर कोई प्रावधान नहीं है और फिलहाल नियमों में संशोधन का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

ऐसे में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के इस बयान को आगामी निकाय और पंचायतीराज चुनावों से पहले नीतिगत संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यदि शिक्षा की बाध्यता को लेकर नियमों में बदलाव होता है, तो इसका सीधा असर उम्मीदवारों की पात्रता और चुनावी समीकरणों पर पड़ेगा।

## ट्रेलर से टकराई कार, युवक की मौके पर मौत

### हरिपुरा चौराहे पर भीषण टक्कर, एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया शव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





मांडल क्षेत्र के हरिपुरा चौराहे के पास ब्यावर-भीलवाड़ा नेशनल हाईवे पर शनिवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रेलर से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस और हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कार का गेट तोड़कर युवक को बाहर निकाला गया। उसे तत्काल उपजिला अस्पताल मांडल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नागेंद्र सिंह (30) के रूप में हुई है, जो निंबाहेड़ा क्षेत्र में एक विवाह समारोह में शामिल होकर भीलवाड़ा की ओर लौट रहे थे। युवक सोलर प्लांट के कार्य से जुड़ा हुआ था और काम के सिलसिले में भीलवाड़ा आना-जाना रहता था।

नागेंद्र सिंह मूल रूप से नागौर जिले के मकराना तहसील के रायतलिया गांव के निवासी था। उनका परिवार जयपुर के मालवीय नगर क्षेत्र में रहता है। भीलवाड़ा जिले में किराए की जमीन पर उसके सोलर प्रोजेक्ट स्थापित हैं, जिसके चलते उनका इस मार्ग पर नियमित आवागमन रहता था।

हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा। क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त कार को हटाकर मार्ग को सुचारु किया गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह तेज रफ्तार और रात के समय कम दृश्यता मानी जा रही है।

रविवार दोपहर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद परिजन शव लेकर मकराना के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर लिया है और उसके चालक से पूछताछ जारी है।

## कांग्रेस पर सीएम का तंज: मुंडासा पहनने से किसान नहीं बन जाते

### ग्रामोत्थान शिविर में 300 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात, बोले– किसान बनना भाषण से नहीं, खेत से आता है

**भीलवाड़ा फोकस @ अलवर।**





राजस्थान की सियासत में रविवार को अलवर से सख्त तेवर देखने को मिले। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनकी सरकार युवाओं को पर्ची और खर्ची की राजनीति से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें, सरकार उन्हें पूरा अवसर देगी और किसी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

अलवर के बहाला में आयोजित ग्रामोत्थान शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ दिखावे से कोई किसान नहीं बनता। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसान वही होता है जो खेत में काम करता है और खेती का अनुभव रखता है। सिर पर मुंडासा बांधने से किसान नहीं बन जाते। जब इन्हें मुंडासे की समझ नहीं है, तो नरेगा में किसान के काम का समय क्या होगा, यह कैसे तय करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में न गर्मी होती है, न सर्दी, फिर वहां मुंडासा पहनने का क्या अर्थ है। किसान मुंडासा तब बांधता है, जब वह मेहनत करता है, सिर पर बोझ उठाता है या मौसम की मार झेलता है। कांग्रेस को न किसान की समझ है और न ही मजदूर की।

ग्रामोत्थान शिविर में मुख्यमंत्री ने क्षेत्र को बड़ी विकास सौगात दी। उन्होंने 152 करोड़ रुपए से अधिक की 201 विकास परियोजनाओं की घोषणा, 89 करोड़ रुपए की लागत से 52 कार्यों का शिलान्यास,और लगभग 63 करोड़ रुपए के 149 विकास कार्यों का लोकार्पण एक साथ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामोत्थान शिविरों का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, जो विकास की मुख्यधारा से अब तक वंचित रहा है। सरकार गांव-गांव जाकर किसानों, महिलाओं और युवाओं को योजनाओं का सीधा लाभ देगी, ताकि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं ज़मीन पर असर दिखा सकें।

पिछली सरकार में हुए पेपर लीक का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उनकी सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी से काम कर रही है और आगे भी बिना किसी सिफ़ारिश और लेन-देन के अवसर उपलब्ध कराएगी।

## ट्रांसफार्मर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश, 5 आरोपी गिरफ्तार

### वारदात में प्रयुक्त दो वाहन जब्त, बिजली विभाग को पहुंचाया था भारी नुकसान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त दो वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई । जिसने थाना क्षेत्र में रात्रि के समय सुनसान स्थानों पर लगे सरकारी ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर ऑयल व कॉयल चोरी करने वाली गैंग की गतिविधियों पर निगरानी रखी। बीती 16 जनवरी को कनिष्ठ अभियंता हुरड़ा विशाल मीणा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अनुसंधान के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, बीटीएस डेटा का सूक्ष्म विश्लेषण किया तथा संदिग्ध व्यक्तियों और पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में चालानशुदा आरोपियों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर की सूचना और हुलिए के आधार पर पुलिस ने गैंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक-दो दिन पहले ईको वाहन से रैकी कर टारगेट तय करते थे और आने-जाने के कच्चे-पक्के रास्तों तथा सीसीटीवी से बचने वाले मार्गों को चिन्हित करते थे। इसके बाद गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर एक ही रात में चार से पांच स्थानों से ट्रांसफार्मर चोरी किए जाते थे। आरोपी रस्सी की मदद से पहले फ्यूज तार तोड़ते, फिर ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर तुरंत ले जाते और सुनसान स्थान पर तोड़-फोड़ कर उसमें से तांबा निकाल लेते थे, जबकि क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर वहीं फेंक दिया जाता था। मामले में ट्रांसफार्मर चोरी से जुड़े अन्य पहलुओं को लेकर पुलिस द्वारा गहन पूछताछ और अनुसंधान जारी है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से रैकी में प्रयुक्त ईको कार और वारदात में इस्तेमाल पिकअप वाहन को जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रकाश पुत्र नंदराम भील (24), निवासी लाम्बियाकलां , पंकज पुत्र देवराज सिंह (24), निवासी कावाखेड़ा , किशन पुत्र शंकर भील (19), निवासी लाम्बियाकलां, कन्हैयालाल पुत्र लक्ष्मणदास (31), निवासी सुरास एवं विशाल पुत्र सत्यनारायण जोशी (25), निवासी कोषिथल शामिल हैं।

## यज्ञ की ज्वाला में तपे संकल्प, शाहपुरा में गरजा हिंदू चेतना का महासम्मेलन

### 108 कुण्डीय महायज्ञ में 1111 जोड़ों की आहुतियां, समरसता का विराट संदेश





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचन्द पेसवानी)।** राजकीय कॉलेज प्रांगण रविवार को सनातन चेतना के महासागर में परिवर्तित हो गया, जब रामस्नेही बालाजी मुखर्जी बस्ती में ऐतिहासिक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ कुंडों से उठती अग्नि-ज्वालाएं और ‘भारत माता की जय’ के गगनभेदी जयघोष से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

सम्मेलन का शुभारंभ 108 कुण्डीय समरसता महायज्ञ से हुआ, जिसमें 1111 जोड़ों ने सामूहिक रूप से आहुति दी। यह दृश्य सामाजिक समरसता और एकता का अनुपम प्रतीक बना। भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ ‘संगठित हिंदू, संगठित भारत’ का संकल्प दोहराया गया।

धर्मसभा में वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण, सनातन संस्कृति संरक्षण और सामाजिक एकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश भाई ने कहा कि एक संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। उन्होंने युवाओं से सेवा, संस्कार और राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

महामंडलेश्वर जगदीश पुरी महाराज ने हिंदू एकता, पारिवारिक संस्कारों और समाज को एक सूत्र में बांधने की आवश्यकता बताई। उन्होंने समय की चुनौतियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

यज्ञ उपरांत अखाड़ा प्रदर्शन और समरसता भोज में सर्व हिंदू समाज एक पंगत में नजर आया। कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती और राष्ट्र की एकता-अखंडता का संकल्प लेकर सम्मेलन का समापन हुआ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959


Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## खेत पर रखवाली करने गए किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव ):-** बड़लियास कस्बे में खेत पर रखवाली करने गए एक किसान की मौत हो गई, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया है। दीवान ऋषि राज ने बताया कि राकेश कुमार ने रिपोर्ट दी कि उसके पिता मगलचंद पुत्र नंदलाल रेगर उम्र 44 वर्ष निवासी बड़लियास बीती रात खेत पर फसल की रखवाली करने गए थे, जो सुबह घर नहीं पहुंचे, इस पर परिजनों ने खेत पर जाकर देखा तो पिता मंगल चंद अचेत अवस्था में पाये गये, इस पर परिजन उसे बड़लियास चिकित्सालय लेकर आए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने बड़लियास चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों की सुपुर्द किया ।

C M Y K

# नवीन कक्षा-कक्ष का हुआ लोकार्पण, टिकड़-सावथगढ़ में सड़क का शिलान्यास

## विधायक गोपीचंद मीणा बोले शिक्षा व सड़कें विकास की रीढ़



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

शिक्षा एवं आधारभूत ढांचे के विकास को गति देते हुए रविवार को जहाजपुर क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहीद जुगराज सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, टिकड़ में नवीन कक्षा-कक्षों के लोकार्पण कार्यक्रम में एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक गोपीचंद मीणा ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने विधायक मीणा का आत्मीय स्वागत किया। विधायक ने कहा कि नए कक्षा-कक्षों के निर्माण से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए अधिक सुविधाजनक एवं अनुकूल वातावरण मिलेगा, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा।

इसके पश्चात विधायक मीणा टिकड़ से सावथगढ़ सड़क निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा आसपास के गांवों के बीच संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सांसद दामोदर अग्रवाल ने किया काछोला में कार्यकर्ताओं से संवाद, गोशाला व्यवस्थाओं का लिया जायजा





**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम** । कस्बे में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया इस दौरान सांसद ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान सांसद अग्रवाल द्वारकाधीश सामुदायिक गोशाला भी पहुंचे, जहां उन्होंने गोशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया । उन्होंने गोशाला संचालन से जुड़े कार्यकर्ताओं से चर्चा कर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए तथा गौसेवा को समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताया। संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आठ ग्राम पंचायतों को उपखण्ड परिवर्तन करने की मांग प्रमुखता से रखी । ग्रामीणों का कहना था कि प्रशासनिक सुविधा और विकास कार्यों में गति लाने के लिए यह आवश्यक है। सांसद ने मांग को संबंधित स्तर पर उठाने का भरोसा दिलाया । इस अवसर पर प्रशासक रामपाल बलाई, संदीप सोनी, डॉ. एन.के. सोनी, वंश प्रदीप सिंह सोलंकी , भेरू लाल मंत्री ,राजेंद्र सिंह सोलंकी ,गुड्डु बन्ना ,सत्यनारायण बलाई ,कैलाश धाकड़ ,पप्पू धाकड़ ,प्रेमचंद धोबी ,भगवान मंत्री ,सावन मंत्री ,शिंकु गगरानी ,सत्यनारायण वैष्णव ,कैलाश गगरानी ,ज्वाला प्रसाद बारेठ सहित कई कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित ,300 मरीजों की जांच, 120 उदयपुर रेफर



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे के निकटवर्ती सोपुरा जाटों का गांव में रविवार को निःशुल्क परामर्श, जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 300 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 120 मरीजों को आगे के उपचार के लिए उदयपुर भेजा गया।

प्रशासक किशनलाल जाट एवं गौ सेवक रामेश्वर जाट ने बताया कि पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल , ग्राम पंचायत सोपुरा जाटों एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में मातेश्वरी गौशाला परिसर में यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहा।

शिविर प्रभारी शुभम नागदा ने बताया कि शिविर में डॉ. विकास गोस्वामी, डॉ. प्रवीण सिसोदिया तथा नर्सिंग कर्मी राजेंद्र सिंह सारंगदेवोत द्वारा मरीजों की जांच की गई। जांच के दौरान आंखों के 40, चर्म रोग के 10, श्वास रोग के 15, हड्डी रोग के 40 तथा नाक-कान-गला के 10 मरीजों को विशेषज्ञ उपचार हेतु उदयपुर रेफर किया गया।

शिविर के दौरान हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष देवराज जाट, लक्ष्मण कारवाल, रामकुमार जाट, हरिशंकर जाट, मांगीलाल जाट, गोपाललाल जाट, भेरूलाल जाट, भगवतीलाल आचार्य (बनकाखेड़ा), लक्ष्मण जाट (ढेलाणा), भैरूलाल जाट सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# धाकड़खेड़ी में किसान संगोष्ठी आयोजित

## पॉली हाउस-नेट हाउस से कम लागत में अधिक आय पर दिया गया मार्गदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

उपखंड मुख्यालय क्षेत्र के धाकड़खेड़ी में रविवार को किसान संगोष्ठी का आयोजन मांडलगढ़ के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष जफर टांक की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में क्षेत्र के बड़ी संख्या में पॉली हाउस एवं नेट हाउस का कार्य करने वाले किसानों ने सहभागिता की।

संगोष्ठी में किसानों का मार्गदर्शन स्टेट हेड अक्षय जोशी द्वारा किया गया। उन्होंने पॉली हाउस व नेट हाउस में बुवाई, जुताई, रखरखाव, उपज बढ़ाने के उपाय, संभावित नुकसान व उनके उपचार, लाभ तथा इससे जुड़ी विभिन्न लाभकारी जानकारियों से किसानों को अवगत कराया।

कार्यक्रम की शुरुआत किसानों के स्वागत एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के उन्नत किसान जफर टांक का विभागीय अधिकारियों एवं वरिष्ठ अतिथियों द्वारा राजस्थानी पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

संगोष्ठी में किसानों को कम खर्च में अधिक आय प्राप्त करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि निरंतर उपज लेने से खेती की मिट्टी की उर्वरक शक्ति कम हो जाती है, ऐसे में मिट्टी संरक्षण एवं समय-समय पर उचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है, जिससे फसलों से अधिक आय प्राप्त की जा सकती है।



उन्होंने जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट, गोबर खाद एवं जैविक कीटनाशकों के उपयोग से उत्पादन लागत कम होने तथा मिट्टी की सेहत बेहतर होने की जानकारी दी। साथ ही किसानों को खेती से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी अवगत कराया गया।

संगोष्ठी के दौरान किसानों ने अपनी समस्याएं व अनुभव अधिकारियों के समक्ष साझा किए, जिनका समाधान मौके पर मौजूद कृषिकर्मियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में किसान लाला बन्ना, मो. सलीम टांक, रफीक टांक, मोहम्मद रसीद देशवाली, अशोक वैष्णव, सुरेश झंवर, जीवन असावा, मुबारिक हुसैन, सांवरलाल धाकड़, गोपाल जाट, भारत खटीक सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# झांतला पहुंचे पूर्व जिला प्रमुख कन्हैयालाल धाकड़, सम्मेलन समिति ने किया स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**(नरेश धाकड़)।** पूर्व जिला प्रमुख एवं ऊपरमाल धाकड़ समाज सम्मेलन के संरक्षक इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ मध्यप्रदेश के झांतला में आयोजित द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचे। झांतला पहुंचने पर सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा उनका जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्जुन धाकड़ (युवा संघ), ऊपरमाल धाकड़ समाज के अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़ (थडोदा), सरपंच राजेश धाकड़, ट्रस्ट सचिव गोपाल धाकड़, एडवोकेट



राजूलाल धाकड़ सहित श्री धाकड़ महासभा के पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पूलाल धाकड़ (युवा संघ), प्रदेश महामंत्री दुर्गेश धाकड़, प्रदेश संगठन मंत्री सुनील धाकड़ तथा जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश धाकड़ का भी अभिनंदन किया गया।

झांतला सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष छीतरलाल धाकड़ एवं समिति सदस्यों द्वारा किए गए मान-सम्मान पर इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन धाकड़ समाज के लिए संजीवनी का कार्य करते हैं, जिससे समाज आर्थिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त होता है।

उन्होंने कहा कि धाकड़ समाज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इसके लिए समाजसेवा में जुटे सभी कार्यकर्ताओं का योगदान सराहनीय है। अपने उद्बोधन में उन्होंने समाज सुधार, शिक्षा और राजनीति में सक्रिय सहभागिता पर विशेष जोर दिया तथा युवाओं से आगे आकर नेतृत्व की भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा सबसे आवश्यक आधार है। इस दौरान 89 जोड़ो को आशीर्वाद दिया गया ।

# अफीम के खेत की मेड पर हुई माताजी की स्थापना, काश्तकारों ने किया नाणा पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** कस्बे सहित सोपुरा, सालरिया, बड़ला, ड़साणिया का खेड़ा, बनकाखेड़ा, खजीना, होलीरड़ा सहित आसपास के गांवों में इन दिनों अफीम की फसल पर डोडे बनने की प्रक्रिया चल रही है। इसी कड़ी में अफीम काश्तकारों द्वारा शुभ मुहूर्त में खेतों की मेड़ों पर माताजी की स्थापना कर नाणा पूजन किया गया।

अफीम काश्तकारों ने बताया कि खेतों में अफीम के पौधों पर डोडा पकने की अवस्था में पहुंच चुका है। इस अवसर पर परंपरा अनुसार खेत की मेड पर माताजी की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है, जिसे स्थानीय भाषा में नाणा पूजन कहा जाता है।

अधिकांश काश्तकार रविवार के दिन माताजी की स्थापना करते हैं, क्योंकि रविवार को माताजी का शुभ एवं प्रिय दिन माना जाता है। माताजी की स्थापना के बाद किसान सुबह एवं शाम खेत में प्रवेश और वापसी के समय पूजा-अर्चना करते हैं।



काश्तकारों के अनुसार, माताजी की स्थापना के कुछ दिनों बाद पके हुए डोडों पर चूरा लगाने तथा लुवाई-चिराई की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

अफीम काश्तकार भैरूलाल सेन (बड़ला) एवं विष्णु जाट (ड़साणिया का खेड़ा) ने बताया कि रविवार को शुभ मुहूर्त में खेत की मेड पर माताजी की स्थापना कर पांच डोडों की विधिवत पूजा की गई। काश्तकार परंपरानुसार खेत की मेड़ों पर 5, 7 या 9 माताजी की स्थापना करते हैं।

बद्रीलाल तेली, प्रांत अध्यक्ष, अफीम किसान संघर्ष समिति ने बताया कि क्षेत्र में इस समय अफीम की फसल लहलहा रही है। किसान शुभ मुहूर्त के अनुसार नाणा पूजन कर रहे हैं तथा आने वाले दिनों में डोडों पर चीरा लगाने की प्रक्रिया शुरू होगी।



QUICK BITES

## श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मोक्ष एवं ज्ञान कल्याणक महोत्सव श्रद्धा से मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को श्री सुपार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक एवं श्री चंद्र प्रभु भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि सुबह श्री शांतिनाथ भगवान एवं श्री पार्श्वनाथ भगवान पर अभिषेक किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत जैन, विनय कुमार जैन एवं राजेंद्र सोगानी ने शांतिधारा की।

इसके पश्चात निर्वाण कांड के पाठ के माध्यम से श्री सुपार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। वहीं, श्री चंद्र प्रभु भगवान के ज्ञान कल्याणक के अवसर पर अर्घ समर्पण किया गया।


कार्यक्रम के दौरान बधाई गीतों के साथ महिलाओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। श्री सुपार्श्वनाथ भगवान एवं श्री चंद्र प्रभु भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं द्वारा अर्घ समर्पण किए गए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## महाशिवरात्रि पर श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर में होंगे दिव्य अनुष्ठान

**सहस्त्रधारा अभिषेक से लेकर चिता भस्म आरती तक, दो दिवसीय आयोजन की भव्य तैयारी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर के प्रसिद्ध श्री मसानिया भैरवनाथ मंदिर में इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व अभूतपूर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। भगवान शिव और शक्ति के पावन मिलन के इस महोत्सव पर मंदिर परिसर में दो दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले भर से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्री मसानिया भैरवनाथ विकास समिति के अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ प्रथम दिवस की रात्रि को बाबा भैरवनाथ के सहस्त्रधारा अभिषेक के साथ होगा। शास्त्रों में सहस्त्रधारा अभिषेक को अत्यंत कल्याणकारी बताया गया है, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और साधकों को विशेष आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होता है। उत्सव के दूसरे दिन आयोजन अपनी पूर्ण भव्यता पर रहेगा। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के 12 विशेष अभिषेक किए जाएंगे तथा 12 भव्य महाआरतियों का आयोजन होगा। कार्यक्रम का मुख्य और अलौकिक आकर्षण मध्य रात्रि में होने वाली चिता भस्म आरती रहेगी। श्मशान अधिपति के रूप में भगवान शिव की यह विशेष पूजा साधकों और श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार की दिव्य रात्रि है। उन्होंने भीलवाड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी श्रद्धालुओं से इस दुर्लभ और पुण्यदायी आयोजन में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।

मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम दर्शन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि भक्तजन शांतिपूर्ण वातावरण में दर्शन और पूजा-अर्चना कर सकें।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com



# विधायक अशोक कोठारी की पहल पर डीएमएफटी फंड से 61 विद्यालयों का होगा कायाकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विधायक अशोक कोठारी की सक्रिय पहल और अनुशंसा पर डीएमएफटी फंड से भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शहरी क्षेत्र स्थित 61 विद्यालयों में व्यापक कायाकल्प कार्य स्वीकृत हुए हैं। इस योजना के तहत विद्यालयों में नए कक्षा-कक्षों का निर्माण, मरम्मत, शौचालय, हॉल निर्माण सहित आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। इन कार्यों के लिए 18 करोड़ 7 लाख 38 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि निर्माण कार्य की एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग रहेगी।

विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि उनका लक्ष्य विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिल सकें। जिस कड़ी में सभी स्कूलों में आधारभूत अवसंरचना पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से लंबित मरम्मत और निर्माण कार्य अब तेज़ी से पूरे किए जाएंगे।

योजना के अंतर्गत प्रमुख विद्यालयों में राउमावि पुलिस लाइन (83.20 लाख), राउप्रावि सुभाष नगर (53 लाख), म.गां. रावि सांगानेर (67.72 लाख), राबावि सांगानेर (35 लाख), म.गां. रा वि धानमंडी (44.72 लाख), राउमावि भीमगंज (50 लाख), राबाउमावि गुलमंडी (20 लाख), म.गां. रा वि मोहम्मदी कॉलोनी (25 लाख), राउमावि राजेंद्र मार्ग (83.20 लाख), राउमावि प्रताप नगर (1.19 करोड़), सेठ मुरलीधर मानसिंहका राबाउमावि (1.41 करोड़), म.गां. रा वि माली खेड़ा (55 लाख), राउमावि गांधीनगर (30 लाख), राबाउमावि गांधीनगर (30 लाख), म.गां. रा वि लेबर कॉलोनी (58.72 लाख), रा बा प्रा वि बापूनगर (37 लाख), म.गां. रा वि किशनावतों की खेड़ी (57 लाख), राउमावि उपनगर पुर (67 लाख), राउप्रावि वार्ड 14 सांगानेर रोड (60 लाख), राउमावि पुर (67 लाख), राउप्रावि वार्ड 14 (60 लाख), राप्रावि गायत्री नगर (10 लाख), रा बा उ प्रा वि जूनावास (10 लाख), म.गां. रा वि भोपालगंज (15 लाख), राप्रावि धांधोलाई (5 लाख), म.गां. रावि सी सेक्टर शास्त्री नगर (25 लाख), राप्रावि कुम्हारिया खेड़ा (10 लाख),



राउप्रावि नाथद्वारा सराय (20 लाख), राउप्रावि माली मोहल्ला पुर (15.72 लाख), राप्रावि बापू कॉलोनी (5 लाख), म.गां. रा वि नया हाउसिंग बोर्ड (60.72 लाख), राप्रावि लेबर कॉलोनी (20.72 लाख), राप्रावि ज्योति नगर (10.72 लाख), रा बा उ प्रा वि जवाहर नगर (20 लाख), राप्रावि मालीखेड़ा पुर (5 लाख), म.गां. रा वि हरनी कला (90.56 लाख), राउप्रावि जूनावास (10 लाख), म.गां. रा वि बापूनगर (33.72 लाख), राउप्रावि नंबर 1 (10 लाख), म.गां. रा वि पातोला महादेव रोड पुर (20 लाख), राउमावि बिलिया खुर्द (30.72 लाख), राप्रावि मोखमपुरा (18.72 लाख), राउप्रावि दादाबाड़ी (10 लाख), राप्रावि जाटों का खेड़ा पुर (10 लाख), रा बा प्रा वि कलकीपुरा (10 लाख), राबाउमावि बापूनगर (20 लाख), राप्रावि खटीक मोहल्ला सांगानेर (5 लाख), रामावि सालरा (10.72 लाख), राउप्रावि किरो का खेड़ा (15 लाख), राउप्रावि कुंवाड़ा (8 लाख), राउप्रावि कावा खेड़ा (15 लाख), रा बा उ प्रा वि सुभाष नगर (13.72 लाख), राप्रावि ओडो का खेड़ा (10 लाख), राप्रावि हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर (15 लाख), राप्रावि सुदामा नगर (5 लाख), रा बा उप्रावि नाथद्वारा सराय (19.14 लाख), राउप्रावि वार्ड 8 आरके कॉलोनी (20.72 लाख), राप्रावि छोटी हरनी (10 लाख), राप्रावि आरसी व्यास कॉलोनी (15.72 लाख), राउप्रावि जवाहर नगर (5 लाख), राप्रावि जुलाहा बस्ती (10 लाख), राप्रावि वार्ड 1 लक्ष्मीपुरा (10 लाख), राउप्रावि शाहजी मोहल्ला (8 लाख)के निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि इस स्वीकृति से विद्यालयों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ होगा और विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर वातावरण मिलेगा।

# सनातन मंगल महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज, प्रशासन सतर्क

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचन्द पेसवानी**

शहर में पहली बार आयोजित होने जा रहे भव्य सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। हरी सेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के संयोजन में यह महोत्सव 19 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव में राजस्थान के राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के कई मंत्रीगण तथा भीलवाड़ा जिले के जनप्रतिनिधियों की संभावित उपस्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों ने महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज के साथ आयोजन स्थल सहित पूरे परिसर का भ्रमण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण दल में एएसपी मुख्यालय पारस जैन, सीओ सिटी सज्जन सिंह, सीओ यातायात, भीमगंज थानाधिकारी सुनील चौधरी, कोतवाली थानाधिकारी शिवराज गुर्जर, ट्रैफिक इंचार्ज बाबूलाल टेपन, डीएसबी से एएसआई अरविंद व राजकुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

वहीं आयोजन समिति की ओर से रविंद्र जाजू, रमेश मूंदड़ा, अशोक मूंदड़ा, हनुमान अग्रवाल और कन्हैयालाल मोरयानी भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने



महोत्सव स्थल के आसपास के मार्गों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने, पार्किंग व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा इंतजामों को लेकर विस्तृत चर्चा की। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं और अतिथियों की सुविधा सर्वोपरि रहे तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

गौरतलब है कि महोत्सव के दौरान हरी सेवा उदासीन आश्रम के तीन ब्रह्मचारियों को दीक्षा प्रदान की जाएगी, जिसे सनातन धर्म की साधना परंपरा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस महोत्सव में देश-विदेश से संत-महात्मा, बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा शहर, जिला एवं प्रदेश के नागरिक सहभागिता करेंगे।

आयोजन समिति के अनुसार यह महोत्सव आध्यात्मिक चेतना, सनातन संस्कृति एवं सामाजिक समरसता का संदेश देगा। प्रशासन और आयोजन समिति के समन्वय से इस आयोजन को ऐतिहासिक एवं भव्य स्वरूप देने की तैयारियां की जा रही हैं।

# गुरला में ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन, भगवा चेतना से सराबोर हुआ कस्बा

**कलश शोभायात्रा, धर्मसभा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दिखी हिंदू एकता की शक्ति**

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।

कस्बा रविवार को सनातन परंपरा, सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्रबोध के जयघोष के साथ भगवा चेतना से सराबोर नजर आया। संगठित हिंदू, सक्षम भारत के संकल्प को केंद्र में रखते हुए सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन में समाज की एकजुट शक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। सम्मेलन का शुभारंभ रामदेव मंदिर से निकली महिलाओं की भव्य कलश शोभायात्रा से हुआ। शोभायात्रा बाजार, जैन मंदिर, बड़े मंदिर, सदा बहार महादेव मंदिर, बस स्टैंड, पंचायत भवन सहित विभिन्न मार्गों से होती हुई मालियों के नोहरे पहुंची। डीजे की गूंजती धुनों के बीच हाथों में भगवा ध्वज लिए युवा, वहीं सिर पर कलश धारण कर आगे बढ़ती मातृशक्ति ने शोभायात्रा को आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की। अखाड़ा प्रदर्शन ने भी लोगों को विशेष रूप से आकर्षित किया। संघ के युवा अनुशासित व्यवस्था के साथ शोभायात्रा






में सक्रिय रूप से शामिल रहे। गगनभेदी जयघोषों के साथ पूरा कस्बा जय श्रीराम और हिंदू एकता के नारों से गुंजायमान हो उठा। प्रमुख मार्गों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

गुरला मंडल क्षेत्र के मोमी, लावड़ा का बाड़ा, रगसपुरिया, सोपुरा, कानपुरा, गोवलिया और दांता का खेड़ा सहित आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं शोभायात्रा में शामिल हुईं।हिंदू सम्मेलन को लेकर गुरला वासियों में खासा उत्साह देखा गया। कस्बे के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सम्मेलन में सहभागिता निभाई।

सम्मेलन स्थल पर आयोजित धर्मसभा में गुरला टेकरी स्थित बालाजी मंदिर के संत पुनित दास महाराज तथा कोटड़ी के लाल महाराज सहित संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री विजय कुमार ओझा ने कहा कि भारत विश्व का एकमात्र राष्ट्र है जहां नारी को पूज्य माना गया है। उन्होंने माताओं से बच्चों में श्रेष्ठ संस्कार विकसित करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने जाति-पांति से ऊपर उठकर एकजुट रहने, हिंदू समाज को संगठित रखने और भारत के वीर सपूतों के बलिदान को स्मरण रखने पर जोर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता गोवर्धन प्रसाद दाधीच ने की। वहीं मातृशक्ति की ओर से प्रिया दाधीच ने माताओं-बहनों से बच्चों में सनातन संस्कृति और संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया। धर्मसभा के दौरान गुरला से अयोध्या गए कारसेवकों को सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने हिंदू एकता और संस्कारों का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन मोहन प्रजापत ने किया। सम्मेलन के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें गुरला एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहलः विवेक सुषमा चैरिटेबल ट्रस्ट ने भेंट किए 21 ट्री गार्ड







भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

**नरेश धाकड़** । विवेक सुषमा चैरिटेबल ट्रस्ट ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। ट्रस्ट की ओर से देवगढ़ से सदारामजी का खेड़ा सड़क मार्ग पर लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए 21 ट्री गार्ड भेंट किए गए।

विवेक सुषमा चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ सदारामजी का खेड़ा में चल रहे श्रीराम-जानकी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थीं। 7 फरवरी को कलश यात्रा के दौरान उन्होंने देखा कि देवगढ़ से सदारामजी का खेड़ा सड़क मार्ग पर सड़क किनारे लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।

इस पर उन्होंने तत्परता दिखाते हुए ट्रस्ट की ओर से 21 ट्री गार्ड मंगवाकर लगवाए तथा मौके पर पौधारोपण भी किया। उनके इस प्रयास को उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय पहल बताया।

इस अवसर पर बाहर से आए अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विवेक सुषमा चैरिटेबल ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़ के साथ ट्रस्ट सचिव गोपाल धाकड़, रमेश धाकड़, रामलाल धाकड़, प्रकाश धाकड़, शंभूलाल धाकड़, गोपाल धाकड़ , धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पूलाल धाकड़ तथा युवा संघ प्रदेश महामंत्री दुर्गेश धाकड़ सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# संघ शताब्दी वर्ष पर रेड़वास मंडल में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित

## 7 गांवों की सहभागिता, 500 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत रविवार को रेड़वास मंडल केंद्र पर विशाल विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तेजाजी महाराज मंदिर से शोभायात्रा व कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ, जिसमें सात गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं, ग्रामीण व सनातनी समाज के लोग शामिल हुए। तेजाजी मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई गोठड़ा रोड स्थित शिवालय पहुंची। शोभायात्रा के स्वागत में कस्बेवासियों ने पलक-पांवड़े बिछा दिए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। शोभायात्रा में प्रभातफेरी मंडली के साथ भारत माता, श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, झांसी की रानी तथा महाराणा प्रताप की सजीव झांकियां सजाई गईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा। संयोजक महावीर जाट ने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत रेड़वास मंडल में यह विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। रघुनाथपुरा, गोठड़ा, कानपुरिया, बिरमियास, बलिया खेड़ा व सबलपुरा सहित सात गांवों से ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ कलश यात्रा के रूप में रेड़वास पहुंचे। करीब 500 महिलाएं व बच्चियां सिर पर कलश धारण कर एक साथ चलीं, जिससे दृश्य अत्यंत मनोहारी बन गया। शिवालय पहुंचने पर भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर धर्मसभा की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि आकोला शिवालय के महंत रामस्नेही दास जी महाराज एवं चित्तौड़ की सावा राघव गौशाला के राघव नाथ जी महाराज ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आज का युवा सोने की चिड़िया नहीं, बल्कि सोने का शेर बनेगा। महिला वक्ता मंजू कंवर राणावत ने कहा कि हिंदू समाज में नारी को सदैव समानता का अधिकार प्राप्त रहा है। प्राचीन काल से आज तक महिलाएं समाज, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में भंवर शर्मा ने कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

मुख्य वक्ता घासी राम (आसींद) ने कहा कि संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है।

कार्यक्रम में शीतल नाथ, लादू गिरी सहित अन्य संत भी मंचासीन रहे। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समापन समाज की एकता, संस्कार, एक संगत-एक पंगत और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# साबुन मार्ग रेलवे अंडरब्रिज बना हादसों का केंद्र

## गड्ढों व जलभराव से दोपहिया वाहन चालकों की जान जोखिम में



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर के प्रमुख साबुन मार्ग स्थित रेलवे अंडरब्रिज की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। अंडरब्रिज पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं, वहीं अधिकांश समय पानी भरा रहने से यह मार्ग दोपहिया वाहन चालकों के लिए अत्यंत जोखिमभरा बन गया है। प्रतिदिन हजारों दुपहिया एवं चारपहिया वाहन इस अंडरब्रिज से गुजरते हैं, लेकिन गड्ढों और जलभराव के कारण किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

अंडरब्रिज में गहरे गड्ढों में पानी भरा रहने से सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया वाहन फिसलने एवं संतुलन बिगड़ने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। विशेषकर सुबह व शाम के समय, जब यातायात का दबाव अधिक रहता है, तब यह अंडरब्रिज दुर्घटनाओं का केंद्र बन जाता है।

उल्लेखनीय है कि साबुन मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक प्रतिदिन कई बार बंद रहता है। ऐसे में आमजन को मजबूरीवश इसी अंडरब्रिज से आवागमन करना पड़ता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं एवं कामकाजी लोग प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरने को विवश हैं। पूर्व में भी जलभराव की समस्या को लेकर संबंधित विभागों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

इस गंभीर जनसमस्या को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने सांसद दामोदर अग्रवाल को पत्र लिखकर अंडरब्रिज के गड्ढे भरवाने तथा समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

परिषद के संरक्षक हेमंत कोठारी, समाजसेवी सुनील बालर, ललित आंचलिया, मार्गदर्शक सीए महावीर गांधी, संयोजक लक्की ब्यावट, सह-संयोजक अनुराग बाबेल, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, कमल वैशनानी, प्राचीर समदानी, सीए नवजोत सिंह, हरीश काकाणी, गोपाल शर्मा, रिखबचंद पीपाड़ा, मुकेश मेडतवाल, ललित लोढ़ा, अमित व्यास, गिरिराज लड्ढा एवं महेंद्र खींची सहित अन्य लोगों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

# रावणा राजपूत समाज की सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

## सूचना पत्र व पंजीयन फार्म का हुआ विमोचन, व्यवस्थाओं को लेकर हुआ मंथन



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**रमेश गुर्जर** । रावणा राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज बंधुओं की आवश्यक बैठक समाज धर्मशाला, जोगणिया माता में रविवार को आयोजित की गई। बैठक आयोजन समिति के अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी (डाबी) की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक के दौरान सामूहिक विवाह आयोजन समिति द्वारा सम्मेलन से संबंधित सूचना पत्र एवं पंजीयन फार्म का विधिवत विमोचन किया गया। इसके पश्चात समाज बंधुओं ने श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी से संस्थान कार्यालय में भेंट कर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

बैठक में सभा स्थल, भोजनशाला स्थल, मंडप व्यवस्था, वर-वधु पक्ष के आवास, पार्किंग व्यवस्था सहित विभिन्न स्थलों का निर्धारण किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि आगामी बैठक में टेंट, हलवाई, पंडित, बैंड-बाजा, जल व्यवस्था, भोजन एवं फोटोग्राफी सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

इस अवसर पर शंभू सिंह सोलंकी, कालू सिंह चौहान, हिम्मत सिंह भाटी, शंभू सिंह गहलोत, बालू सिंह देवड़ा, महेंद्र सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह चौहान, रतन सिंह चौहान, रामपाल सिंह हाडा, संजय सिंह चौहान, धर्मराज सिंह बिजोलिया, विजय सिंह विजंता, शिव सिंह गहलोत, राम सिंह सांखला, मदन सिंह गहलोत, गोवर्धन सिंह, घनश्याम सिंह, जय सिंह राठौड़ सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

## QUICK BITES

# आसींद की दो प्रतिभाओं का नागरिक अभिनंदन , कला और शिक्षा को मिली नई पहचान

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।





कस्बे के शिल्पकार राजेंद्र कुमार शर्मा और आमली खेड़ा निवासी डॉ. गणपत रेबारी की उपलब्धियों पर नागरिक समाज द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिल्पकार राजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा निर्मित खाटू श्याम जी की प्रतिमा को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है, वहीं डॉ. गणपत रेबारी ने राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य विभाग में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं नर्स (द्वितीय श्रेणी) भर्ती में अंतिम चयन प्राप्त किया है।

इस अवसर पर समाजसेवी निर्मल मेहता, आसींद मित्र मंडल (मुंबई) एवं मुंबई जैन युवा मंडल के अध्यक्ष मनोज मेहता के सानिध्य में दोनों प्रतिभाओं का साफा, माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कमलेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, बक्षु रायका, भीमराज शर्मा, दिनेश शर्मा, महावीर शर्मा, संजू शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मीणा समाज का 20वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल को

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।



**मानव तिवाड़ी** मीणा समाज के आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर रविवार को मीणा छात्रावास में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोजीराम मोटीस ने की। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों और कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की।

बैठक में सर्वसम्मति से मीणा समाज के 20वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 19 अप्रैल को सीताकुंड महादेव में करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान वक्ताओं ने सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से समाज में फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी विशेष चर्चा की गई।

बैठक में पन्नालाल, रतिराम, कैलाश, शंभू, वेदराज, प्रदीप, प्रकाश, मुकेश, लेखराज, राजू, हरलाल, बनवारी लाल, मनराज, फूलचंद, शंकर, तेजमल और हीरालाल सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कांटी क्षेत्र में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ पारोली।



कांटी क्षेत्र में सोडीयास गुरु महाराज के सानिध्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भगवत सिंह ने अपने विचार रखे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर चतर सिंह शक्तावत ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस दौरान जय श्रीराम और भारत माता की जय के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में मास्टर चतर सिंह शक्तावत ने कहा कि सरकारी अवकाश केवल रविवार तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सप्ताह के किसी अन्य दिन भी अवकाश होना चाहिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में आमजन की अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

सम्मेलन में घेवरिया, छापडेल, बेलवा, मोडियाखेड़ा, देवतलाई, देवखेड़ा एवं कंवलियास सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सियाराम तेज सिंह सोडीयास, रामेश्वर धाकड़ (शाहपुरा), संपत सुवालका, कैलाश सुवालका, राधेश्याम कीर, महावीर गगरानी, शंकर कीर, मनोज लोदा एवं घनश्याम लोदा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# थल कला में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



**विक्रम सिंह** । क्षेत्र के थल कला गांव में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में क्षेत्र के आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में प्रबुद्ध ग्रामीणों एवं हिंदू समाज की बहन-बेटियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया । सम्मेलन से पूर्व थल खुर्द से थल कला तक महिलाओं और बालिकाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई । पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर जयघोषों के साथ यात्रा निकाली, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय वातावरण में रंग गया कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ सह प्रांत गो सेवा प्रमुख रामेश्वर लाल धाकड़ ने सभा को संबोधित करते हुए समाज में एकता, संस्कार और संगठन की आवश्यकता पर जोर दिया । उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती आपसी सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण से ही संभव है , कार्यक्रम की अध्यक्षता भवानीराम चौधरी ने की । उन्होंने आयोजन की जानकारी देते हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और समाज को संगठित रहने का आह्वान किया । सम्मेलन के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति से आयोजन सफल रहा । इस दौरान पंचायत समिति प्रतिनिधि हरीश चौधरी संपत शर्मा ,घनश्याम पाराशर, अशोक शर्मा ,जोरावर सिंह ,रणवीर साहू ,ओमप्रकाश गुर्जर, श्याम लाल कहार ,नंद लाल गुर्जर ,कालू कहार ,शंकर कहार ,परमेश्वर कहार ,घीसा लाल गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।